Lakeridge Health

**जून 12, 2020**

**प्रिय दोस्तों और निवासियों,**




हमें आपको Durham क्षेत्र और Lakeridge Health में COVID-19 के खिलाफ़ युद्ध के बारे ताज़ा जानकारी बताते हुए खुशी हो रही है।

जहाँ पूरे Ontario भर में अस्पताल में भर्ती होने वालों की संख्या में कमी आई है, वहीं Durham में यह समतल हो गई है। इसका मतलब यह है कि हमें खुद को, अपने सहकर्मियों को, अपने मित्रों और परिवारों को सुरक्षित रखने के लिए मूलभूत कार्य करना जारी रखना होगा। संख्या को लगातार नीचे आते देखने के लिए यह निरंतर चलने वाला सामूहिक प्रयास एक आवश्यक घटक है, जिससे हम अपनी अर्थव्यवस्था और समाज को खोलना जारी रख सकते हैं और अस्पताल की सेवाओं की क्षमता को भी धीरे-धीरे बढ़ा सकते हैं।

**Ontario की नई रणनीतियाँ**

पिछले कुछ हफ्तों के दौरान, COVID-19 को रोकने के लिए Ontario सरकार ने नई रणनीतियों की घोषणा की है।

पहला, Ontario अपनी परीक्षण रणनीति का विस्तार कर रहा है। गहन संपर्क अनुरेखन (कान्टैक्ट ट्रेसिंग) के साथ परीक्षण करने से हम "हॉट स्पॉट" पता लगा पाने में सक्षम होंगे - जैसे कि स्थानीय क्षेत्र, आस-पड़ोस, कार्य स्थल, या दीर्घ-कालिक देखभाल होम्स - और इससे हम संक्रमण को जल्दी से सीमित कर पाएंगे।

दूसरा, प्रांत दोबारा सब कुछ खोलने के बारे में क्षेत्रीय दृष्टिकोण अपना रहा है। फिलहाल, ऐसा माना जा रहा है कि सक्रिय मामलों में से 75% GTA में मौजूद हैं और प्रांत के अन्य हिस्सों में हाल के हफ्तों में बहुत कम या ना के बराबर मामले सामने आए हैं।

Durham में COVID-19 गतिविधि की प्रतिक्रिया में , Lakeridge Health  डरहम क्षेत्र के स्वास्थ्य विभाग (DRHD) के साथ काम करते हुए यह सुनिश्चित कर रहा है कि हम परीक्षण और

मामलों की खोज के प्रति अपने दृष्टिकोण को बेहतर बनाएं। संपर्क अनुरेखन के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य की एक टीम काम पर लगाई गई है।

**बेहतर परीक्षण रणनीति के कारण Durham क्षेत्र में परीक्षण बढ़े**

वायरस पर और अधिक नियंत्रण पाने के लिए, उस हर व्यक्ति का परीक्षण किया जाना चाहिए, जिसमें COVID-19 का कोई भी लक्षण दिखाई दे रहा हो। Lakeridge Health's की वेबसाईट [COVID-19 symptoms - June 2] पर लक्षणों की एक सूची उपलब्ध है। कोई भी व्यक्ति जिसे लगता है कि वह COVID-19 से ग्रस्त लोगों के संपर्क में आया है, उसका परीक्षण होना चाहिए। जो भी व्यक्ति परीक्षण करवाना चाहते हैं, उनके लिए परीक्षण उपलब्ध है।

25 मई से, **हमारे परीक्षण केंद्रों में होने वाले दैनिक परीक्षणों (सवैब्स) कि संख्या उल्लेखनीय रूप से बढ़ गई है**। बढ़ी हुई मांग को पूरा करने के लिए हमने केंद्रों के कामकाज का समय बढ़ा दिया है। फिलहाल फॉर्म भर कर जमा करने के बाद लोगों का परीक्षण तीन से 24 घंटे के भीतर हो जा रहा है, लेकिन परीक्षण की मात्रा के अनुसार समय अलग-अलग भी लग सकता है।

परीक्षण करवाने के लिए, covidswab.lh.ca पर जाकर एक ऑनलाइन फॉर्म भरें और आपके एपॉइंटमेंट के बारे में निर्देश आपको स्वतः ही ईमेल कर दिए जाएंगे। यदि आपके पास कंप्यूटर या WiFi नहीं है, तो सहायता के लिए DRHD से at 1 800-841-2729 पर संपर्क करें। आपका एपॉइंटमेंट Ajax या Oshawa के COVID परीक्षण केंद्र में बुक किया जाएगा। कोई व्यक्ति यदि बहुत बीमार है या मेडिकल संकट में है, तो उसे 911 पर कॉल करना चाहिए और हमारे किसी आपातकालीन विभाग में अपनी जाँच करवानी चाहिए।

अन्य क्लीनिकों और स्थानीय व्यवसायों के साथ Lakeridge Health, DRHD सक्रिय रूप से Durham क्षेत्र के अन्य भागों में परीक्षण स्थलों को खोलने सहित परीक्षण का विस्तार करने के लिए विकल्प देख रहे हैं। अधिक जानकारी के लिए हमारे साथ बने रहें।

**सर्जरी और अन्य प्रक्रियाएं**

हालांकि हमारी आपातकालीन सर्जरी लगातार चलती रही है, और प्राथमिकता कैंसर और गैर-कैंसर सर्जरी को फिर से शुरू किया है, हम कुछ वैकल्पिक सर्जरी को फिर से शुरू करने की योजना बनाने में भी व्यस्त हैं। इस हफ़्ते हमने कुछ वैकल्पिक मामलों के साथ शुरुआत की है। लगातार क्षमता को बढ़ाने का काम अगले कुछ महीनों के दौरान सावधानीपूर्वक किया जाना चाहिए। हम जितने सुरक्षित रूप से जितनी तेज़ी से वैकल्पिक सर्जरी बढ़ा सकते हैं, उतनी बढ़ाएंगे। लेकिन, यदि हमारे क्षेत्र और हमारे अस्पतालों में COVID-19 के मामले फिर से बढ़ने शुरू हुए, तो हमें सर्जरी कि मात्रा फिर से कम करने पर मजबूर होना पड़ेगा।

**Orchard Villa में फैले प्रकोप का प्रबंधन**

Lakeridge Health को यह बताते हुए खुशी हो रही है कि Durham क्षेत्र के स्वास्थ्य विभाग ने Orchard Villa दीर्घकालिक देखभाल और रिटायरमेंट होम्स में फैले COVID-19 प्रकोप को समाप्त घोषित कर दिया है। पिछले दो हफ्तों के दौरान, Orchard Villa में COVID-19 का कोई भी नया मामला सामने नहीं आया है। फिलहाल ऐसे 155 निवासी हैं जो वायरस मुक्त हो चुके हैं।

जब Lakeridge Health सात हफ़्ते पहले निवास के कर्मचारियों और कनाडाई सशस्त्र बलों के सहयोग से प्रकोप की प्रतिक्रिया का नेतृत्व करने के लिए Orchard Villa गया था, तब हमने प्रकोप को रोकने के लिए तुरत कार्यवाही चालू की और वहाँ के निवासियों को सबसे बेहतर देखभाल देने में सहयोग दिया। हमें खुशी है कि हम निवासियों की भलाई के लिए बेहद आवश्यक सेवाएं और गतिविधियाँ सुरक्षित तरीके से दोबारा शुरू कर पाए।

इस महत्वपूर्ण काम में सहयोग देने के लिए हमें Lakeridge Health की टीम और Orchard Villa के स्टाफ पर गर्व है। आने वाले हफ्तों में Lakeridge Health, Orchard Villa के प्रबंधन में और भी सक्रिय भूमिका निभाएगा जिससे स्थल पर काम करने वाली मेहनतकश टीम को सहयोग दिया जा सके।

**जून 18 को होने वाली हमारी वर्चुअल AGM में भाग लें!**

Lakeridge Health अपनी पहली वर्चुअल AGM गुरुवार **18 जून, 2020 को शाम 6:00 से 7:00 बजे तक** आयोजित कर रहा है।

पिछले साल के अधिकतार भाग में, Lakeridge Health की प्रतिभाशाली टीम ने Durham में रहने और काम करने वाले हजारों लोगों को संवेदनापूर्ण देखभाल और सेवाएं प्रदान की हैं।

इस साल की AGM में व्यवसाय के लिए आवश्यक चीजों, जैसे ट्रस्टीस का चुनाव, कोषाध्यक्ष की रिपोर्ट को स्वीकार करना, ऑडिटरों को नियुक्त करना और Lakeridge Health और Durham Mental Health Services के बीच प्रस्तावित स्वैच्छिक एकीकरण पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा, और हम 2019/20 में हमारे समुदायों को सुरक्षित, उच्च गुणवत्ता वाली देखभाल प्रदान करने और COVID-19 के खिलाफ अपने सामूहिक प्रयासों जैसी अविश्वसनीय उपलब्धियों का जश्न मनाएंगे।

मीटिंग में भाग लेने के लिए आपको Chrome, Safari, Edge या Firefox के नवीनतम संस्करण की ज़रूरत होगी। https://web.lumiagm.com/220546017 **पर लाइव कनेक्ट करें।**

2020 की शुरुआत में, जब से हमने COVID-19 महामारी के प्रति अपनी प्रतिक्रिया को रैम्प अप करना शुरू किया, तब से Lakeridge Health की टीम को Durham क्षेत्र के सभी नागरिकों का पूरा समर्थन मिलने से बहुत शक्ति मिली है।

इस अपरिचित क्षेत्र में मिल-जुल कर दिशा ढूंढने में आपके अडिग समर्थन और अनुकंपा के लिए आप का धन्यवाद!

आपके अच्छे स्वास्थ्य की कामना करते हुए,

सुज़ेन डीराइक (Susan deRyk)
अंतरिम अध्यक्ष और CEO

टोनी स्टोन (Tony Stone)
कर्मचारी अध्यक्ष